**Regarding alleged irregularities in implementation of Jal Jeevan Mission in Chhattisgarh-Laid**

श्रीमती रूपकुमारी चौधरी **(महासमुन्द) :** जल जीवन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में पानी की आपूर्ति सुधारने के लिए कई योजनाएँ बनाई गई थीं । हालाँकि, मीडिया रिपोर्ट्स और अन्य स्रोतों के अनुसार, इस मिशन के तहत विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार और अनियमितताएँ सामने आई हैं । इनमें ठेकेदारों से मिलीभगत, निधियों के दुरुपयोग और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी शामिल है । 1.क्या सरकार को इस मिशन में छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की सूचना मिली है? 2. क्या सरकार ने इन अनियमितताओं की जांच के लिए किसी केंद्रीय जांच दल (CIT) या किसी विशेष एजेंसी का गठन किया है? यदि हाँ, तो इस दल को जांच करने के लिए कौन-कौन से विशेष निर्देश दिए गए हैं? 3. दोषियों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है और भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?" 4. और यदि अब तक किसी जांच दल का गठन नहीं किया गया तो कब तक जाँच दल का गठन किया जाएगा?